pan>

Title: Demand to name newly approved airport in Patna as Swami Sehjananda Saraswati Airport.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्र के अंतर्गत बिहटा की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । अब से कुछ दिन पहले आवश्यकता को देखते हुए पटना एयरपोर्ट, जो जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट है, उसके अलावा एक एयरपोर्ट की और स्वीकृति मिली । पटना में बड़ा एयरपोर्ट नहीं रहने की वजह से बहुत दिक्कत हो रही थी । भारत सरकार ने स्वीकृति तो बहुत दिन पहले दे दी है और तदनुसार बिहार की सरकार ने जमीन का भी आवंटन कर दिया है । जमीन की चारदीवारी भी हो चुकी है, लेकिन भारत सरकार की जो एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया है, उसने अभी तक काम प्रारम्भ नहीं किया है । इसकी वजह से बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है । बिहटा एजुकेशन का एक बहुत बड़ा हब हो गया है । वहाँ पर आईआईटी है, वहाँ नाइलिट का संस्थान भी खुला हुआ है । वहाँ ईएसआईसी का मेडिकल कॉलेज, अस्पताल खुला हुआ है । वहाँ अन्य प्राइवेट मेडिकल कॉलेज भी खुले हुए हैं । वहाँ फुटवियर डिजाइनिंग इंस्टीट्यूट की भी स्थापना हो गई है । वहाँ ड्राई पोर्ट भी है । वहाँ पर कई औद्योगिक फर्म्स भी हैं । चूँकि शहर का विस्तार हो रहा है । उससे जुड़े हुए कई शहर, कई जिले उसमें आ रहे हैं । मैं आपको बता सकता हूँ कि वहाँ पर सिक्स लेन रिंग रोड का भी निर्माण हो रहा है । एलिवेटेड रोड बिहटा से, एयरपोर्ट से कंसर्न्ड भारत सरकार और राज्य सरकार ने उसकी स्वीकृति दी है, वह एलिवेटेड रोड दानापुर की तरफ आएगी । उसकी भी प्रक्रियाएं पूरी हो गई हैं । कुल मिलाकर यह कहा जाए कि वह बहुत ही महत्वपूर्ण इलाका है । वहाँ असंतोष का भाव लोगों के मन में है । राज्य सरकार को थोड़ी जमीन और देनी है । उसके लिए भी मैं आपके माध्यम से अनुरोध करूँगा कि जिस जमीन

की और आवश्यकता है, उसे राज्य सरकार दे । मैं समझता हूँ कि भारत सरकार, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया इस काम को जल्दी प्रारम्भ कराए, जिससे वहाँ की समस्याओं का निदान हो सके । मैं पुन: भारत सरकार से आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूँ कि वहाँ तुरन्त काम शुरू कराए ।

महोदय, मैंने पहले भी आग्रह किया है, मैं पुन: आग्रह करना चाहता हूँ कि महान किसान नेता, स्वतंत्रता सेनानी स्वामी सहजानन्द सरस्वती जी के नाम पर एयरपोर्ट का नामकरण किया जाए । मैं आपके माध्यम से भी माँग करता हूँ ।